यूपी की बदली कानून-व्यवस्था ने जीता निवेशकों का भरोसा

उपलब्धि

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जानकारी दी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सिंगापुर व जापान की चार दिवसीय यात्रा से आने के बाद उन्होंने अपने अनुभव व निवेश के क्षेत्र में मिली उपलब्धियां साझा कीं। कहा कि उत्तर प्रदेश की छवि विश्व स्तर पर अत्यंत सकारात्मक है। पारदर्शी नीतियों, बेहतर कानून-व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि उल्टा प्रदेश, गुंडा प्रदेश, बीमारू राज्य के साथ ही वन डिस्ट्रिक वन माफिया व उद्योग एवं निवेशक विरोधी राज्य की छवि को उत्तर प्रदेश ने पूरी तरह से बदला है। मुख्यमंत्री ने पिछले नौ वर्षों में जिस कसौटी पर उत्तर प्रदेश को कसा है, उसका वैश्विक असर अब विश्व के हर फलक पर दिखाई दे रहा है। सिंगापुर व जापान की चार दिवसीय यात्रा में इस गौरव को हमने करीब से महसूस किया।

25 करोड़ प्रदेशवासियों के साथ ही संपूर्ण देश इस गौरव का साक्षी बना। सिंगापुर और जापान में कुल ₹1.5 लाख करोड़ रुपये के एमओयू और ₹2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव इस बात का प्रमाण है कि निवेशकों को यूपी पर भरोसा है। यह दौरा प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक और ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

उन्होंने कहा कि वह 22 फरवरी की रात दस बजे मुख्यमंत्री व अधिकारियों के साथ लखनऊ एयरपोर्ट से सिंगापुर के लिए रवाना हुए थे। अगले दिन 23 फरवरी को सिंगापुर जब पहुंचे, तो भारतीय समय के अनुसार तो रात के 3.30 बज रहे थे, लेकिन सिंगापुर में उस समय सुबह 5.40 बजे का समय हो रहा था। सिंगापुर और फिर जापान में निवेशकों के साथ बैठकों का सिलसिला जारी रहा। सिंगापुर में प्रवास के बाद 24 फरवरी की रात सभी मुख्यमंत्री के साथ जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। 25 फरवरी की सुबह गांधी पार्क टोक्यो में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद मीटिंग की शुरुआत हुईं। कई इंडस्ट्री के सीईओ के साथ बैठक एवं रोड शो में निवेशकों को असीम संभावनाओं के प्रदेश उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया। 26 फरवरी को हम सभी यमनाशि पहुंचे, जहां ग्रीन हाइड्रोजन सुविधाओं को देखा।